रियल टाइम डाटा अधिग्रहण प्रणाली (RTDAS)

drishtiias.com/hindi/printpdf/real-time-data-acquisition-system

चर्चा में क्यों?

18 सितंबर, 2021 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हरियाणा में नहर के पानी की चोरी रोकने के लिये रियल टाइम डाटा एक्विजिशन सिस्टम (RTDAS) का उद्घाटन किया। पहले चरण में राज्य भर में 90 स्थानों पर RTDAS लगाए गए हैं।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने कहा कि RTDAS, नहर में छोड़े गए पानी और आखिरी टेल तक पहुँचने वाले पानी को ट्रैक करने में सक्षम होगा। यदि नहर के बीच में पानी चोरी का मामला आता है तो संबंधित अधिकारी को संदेश भेजा जाएगा। RTDAS के माध्यम से विभाग के पास नहरों में पूर्ण जल स्तर का डाटा भी उपलब्ध होगा।
- इस अवसर पर **फेमिना मिस ग्रैंड इंडिया-2021 सुश्री मनिका श्योकंद को जल संरक्षण अभियान का सद्भावना 'राजदूत' नियुक्त** किया गया।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पिछले वर्ष जल प्रबंधन के लिये दोवर्षीय योजना तैयार की थी। इसके तहत '**मेरा पानी मेरी विरासत योजना**' को जनता का अच्छा प्रतिसाद मिला, क्योंकि इसके माध्यम से किसानों को 7,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है।
- गौरतलब है कि हरियाणा सरकार द्वारा राज्य भर में **जल जीवन मिशन** और अन्य जल प्रबंधन योजनाओं को भी लागू की गई है। सिंचाई के लिये सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली योजना स्थापित की गई है, ताकि पानी की समस्या वाले दक्षिण हरियाणा के क्षेत्रों तक भी पानी पहुँच सके।